सुरक्षित स्वास्थ्य देखरेख के लिए उत्तम सुझाव

अपने, अपने परिवार या अपने किसी ऐसे जानकार जिसकी आप देखरेख करते हैं, के लिए
आपको क्या जानने की ज़रूरत है।

1 सवाल पूछें

आपको अपनी देखरेख से सम्बन्धित सवाल पूछने का अधिकार है।

2 अच्छी जानकारी का पता लगाएँ

हर तरह की जानकारी विश्वसनीय नहीं होती है। अपने डॉक्टर से मार्गदर्शन देने के लिए कहें।

3 खतरे और लाभ समझें

अपनी जाँच और उपचार होने से पहले इनके बारे में पता लगाएँ।

4 अपनी सभी दवाईयों की सूची बनाएँ

यदि आप जिन दवाईयों का सेवन कर रहे/रही हैं उनके बारे में आपको और अधिक जानकारी की ज़रूरत है तो अपने डॉक्टर या फार्मासिस्ट से पूछें।

5 अपने ऑपरेशन से पहले इससे जुड़े विवरण की पुष्टि करें

यह कहें कि आपको यह बताया जाए कि आपकी उपचार कार्यविधि कौन करेगा और आपके साथ क्या होगा।

6 अस्पताल से छुट्टी के बाद अपनी देखरेख के बारे में पूछें

अपने उपचार की लिखित रूप-रेखा के लिए पूछें और यह पूछें कि आपके घर जाने के बाद क्या होगा।

7 अपने अधिकारों की जानकारी रखें

रोगी के तौर पर आपके कई अधिकार हैं। इनकी जानकारी लेने के लिए हमारी गाइड (संदर्शिका) पढ़ें।

8 गोपनीयता को समझें

आपकी चिकित्सीय जानकारी गोपनीय है। आप अपना मेडिकल रिकॉर्ड देखने का निवेदन कर सकते/सकती हैं।

9 प्रतिक्रिया दें

प्रतिक्रिया से स्वास्थ्य व्यवसायियों को यह पता लगाने में मदद मिलती है कि सुधार कब किए जा सकते हैं।

हमारी नि:शुल्क पुस्तिका इस वेबसाइट से डाउनलोड करें:
www.safetyandquality.gov.au/toptips

AUSTRALIAN COMMISSION
ON SAFETY AND QUALITY IN HEALTH CARE

Hindi | हिन्दी